SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs

27/02/2020

Q1. दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में कौन सा शहर सबसे प्रदूषित शहर रहा है?

क. पुणे

ख. गाजियाबाद

ग. म्यसूर

घ. अहमदाबाद

दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में गाजियाबाद शहर सबसे प्रदूषित शहर रहा है. आइक्यू एयरविजुअल ने 2019 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट जारी की है. इस

SarkariExam.Com

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में गाजियाबाद की औसत वायु गुणवत्ता 110.2 रही है.

Q2. पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने अपने किस पूर्व पीएम को "भगोड़ा" घोषित किया है?

क. बेनजीर भुट्टो

ख. नवाज शरीफ

ग. चौधरी मोहमद अली

घ. इनमे से कोई नहीं

पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने अपने पूर्व पीएम "नवाज शरीफ" को "भगोड़ा" घोषित किया है. "नवाज शरीफ अभी लंदन में इलाज करा रहे है. सरकार ने नवाज शरीफ पर जमानत की शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया है.

Q3. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में किस बैंक पर नई शाखाएं खोलने पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है?

क. यस बैंक

ख. केनरा बैंक

ग. पंजाब एंड सिंध बैंक

घ. बंधन बैंक

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में बंधन बैंक पर नई शाखाएं खोलने पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है. साथ ही आरबीआई ने बैंक को निर्देश देते हुए कहा है की

SarkariExam.Com

बैंक एक वित्तीय वर्ष में खोले जाने वाले कुल बैंकिंग आउटलेट में से करीब 25 फीसदी ग्रामीण इलाकों में खोले.

Q4. इसरो ने कब जीएसएलवी -एफ 10 के माध्यम से अपना जियो इमेजिंग उपग्रह जीसैट-1 को भेजने की घोषणा की है?

क. 5 मार्च 2020

ख. 15 मार्च 2020

ग. 25 मार्च 2020

घ. 10 जून 2020

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 5 मार्च 2020 को जीएसएलवी -एफ 10 के माध्यम से अपना जियो इमेजिंग उपग्रह जीसैट-1 को भेजने की घोषणा की है. इस उपग्रह का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जायेगा.

Q5. विश्व में सबसे प्रदूषित देशों में भारत को कौन सा स्थान मिला है?

क. दूसरा

ख. चौथा

ग. पांचवा

घ. दसवा

SarkariExam.Com

विश्व में सबसे प्रदूषित देशों में भारत को पांचवा स्थान मिला है. इस रिपोर्ट के मुताबिक, 200 शहरों में से लगभग 90 प्रतिशत प्रदूषित शहर चीन और भारत के हैं. बाकी शहर पाकिस्तान तथा इंडोनेशिया के है.

Q6. भारत के किस शहर में हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है?

क. पुणे

ख. नई दिल्ली

ग. चेन्नई

घ. मुंबई

भारत की राजधानी दिल्ली में हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है. साल 2020 के लिये इस सम्मेलंन की थीम जेंडर जस्ट वर्ल्ड' (Gender Just World) रखी गयी है.

Q7. निम्न में से कौन सी महिला क्रिकेटर इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं है?

क. हरमनप्रीत कौर

ख. हेदर नाइट

ग. एल्ल्यसी पेर्री

घ. मेगन स्काउट

SarkariExam.Com

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के कप्तान हेदर नाइट ने हाल ही में आइसीसी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप के लीग मैच में थाइलैंड के खिलाफ शतक बनाया है. इस शतक के साथ ही वे महिला क्रिकेटर इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं है.

Q8. अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ ने कोरोना वायरस की वजह से किस देश में प्रस्तावित टेबल टेनिस टीम विश्व चैंपियनशिप के आयोजन को टाल दिया गया है?

क. चीन

ख. जापान

ग. दक्षिण कोरिया

घ. उत्तरी कोरिया

अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ ने कोरोना वायरस की वजह से दक्षिण कोरिया में प्रस्तावित टेबल टेनिस टीम विश्व चैंपियनशिप के आयोजन को टाल दिया गया है. अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ ने कहा है की बुसान में पहले से 22 मार्च से 29 मार्च तक प्रस्तावित चैंपियनशिप को टालने का फैसला किया गया है.

Q9. मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक का हाल ही में कितने साल की उम्र में निधन हो गया है?

क. 62 साल

ख. 75 साल

ग. 84 साल

SarkariExam.Com

घ. 91 साल

मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक का हाल ही में 91 साल की उम्र में निधन हो गया है वे 30 साल तक सत्ता में रहे थे. लगभग 9 वर्ष पहले 2011 में सेना ने उन्हें राष्ट्रपति के पद से हटा दिया था.

Q10. निम्न में से किस देश ने हाल ही में "फूड प्लेनेट प्राइज़" नाम से 1 मिलियन डालर के पुरस्कार की घोषणा की है?

क. जापान

ख. इण्डोनेशिया

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. स्वीडन

स्वीडन ने हाल ही में "फूड प्लेनेट प्राइज़" नाम से 1 मिलियन डालर के पुरस्कार की घोषणा की है. जिसका उद्देश्य विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य आपूर्ति पर उत्पन्न खतरों का समाधान करने के लिए कार्य करने वाले लोगो को पुरस्कृत करना है.

SarkariExam.Com

Q11. इनमे से किस महान व्यक्ति ने अप्रैल को दिल्ली की जमा मस्जिद के प्रवचन मंच से हिन्दू-मुस्लिम एकता पर भाषण दिया था?

क. स्वामी श्रद्धानन्द

ख. स्वामी विवेकानंद

ग. लाला लाजपत राय

घ. मदन मोहन मालवीय

Q12. वर्ष 1923 में चितरंजन दास एवं मोतीलाल नेहरू ने किस स्थान पर स्वराजपार्टी की स्थापना की थी ?

क. पुणे

ख. चेरापूंजी

ग. पटना

घ. इलाहबाद

Q13. नीचे दी गयी पार्टियो में से किस ने भारत छोड़े आंदोलन का समर्थन नहीं किया था ?

क. यूनियनिस्ट पार्टी ऑफ़ पंजाब

ख. हिन्दू महासभा

ग. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इण्डिया

घ. सभी

SarkariExam.Com

Q14. नीचे दी गयी यूरोपीय शक्तियों में किसने महाराज शिवाजी को तोपें दी थी?

क. डच

ख. पुर्तगाली

ग. फ्रांसीसी

घ. अंग्रेज

Q15. इनमे से दिल्ली के किस सुल्तान ने दक्षिणी भारत को पराजित करने का प्रयास किया था?

क. शाहजहाँ

ख. अलाउद्दीन खल्जी

ग. इब्राहिक लोदी

घ. कुत्ब्द्दीन ऐबक

Q16. गांधीजी के कौन से अनुयायियों पेशे से एक शिक्षक थे ?

क. ब्रज किशोरी प्रसाद

ख. राजेंद्र प्रसाद

ग. ए. एन. सिन्हा

घ. जे बी कृपलानी

SarkariExam.Com

Q17. शम्भाजी की मृत्यु के बाद किसने मराठा शासन को सरल और कारगर बनाया था?

क. राममोहन राय

ख. नानाजी देशमुख

ग. बाल गंगाधर राव

घ. बालाजी विश्वनाथ

Q18. इनमे से किस फ्रीडम फाइटर ने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान 'फ्री इंडियन लीजन' नामक सेना बनाई थी?

क. महात्मा गाँधी

ख. सुभाष चंद्र बोस

ग. भगत सिंह

घ. लाला हरदयाल

Q19. 21 अक्टूबर 1943 किस स्थान पर स्वतंत्र भारत की आजाद हिन्द सरकार की घोषणा की गई थी?

क. जकार्ता

ख. बैंकाक

ग. इंग्लैंड

घ. सिंगापूर

SarkariExam.Com

Q20. प्रसिद्ध यात्री इब्नबतूता किस स्थान से आया था ?

क. चीन

ख. अमेरिका

ग. तुर्की

घ. मोरक्को

SarkariExam.Com